मेरे बेटे की बेइज्जती हो रही थी। शानदार रिकॉर्ड होने के बावजूद अश्विन को लगातार प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला जो कि इस खिलाड़ी का अपमान था। - रवि चन्द्रन

अश्विन के पिता, अपने बेटे के प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिलने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### डी गुकेश

**दुनिया** के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का सामना अब अगले साल नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। टूर्नामेंट यहां 26 मई से 6 जून तक खेला जाएगा। 18 वर्षीय गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को गोल्ड दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और इसके बाद हाल ही में सिंगापुर में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। गुकेश ने इस दौरान कहा कि, मैं दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ फिर नॉर्वे में भिड़ने को लेकर रोमांचित हूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के हनीफ मोहम्मद ने वर्ष 1967-8 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 970 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए 337 रन बनाए।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत का रिकॉर्ड, 33 साल से है खुशी का इंतजार

मेलबर्न, 19 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। ये बॉक्सिंग डे टेस्ट है। अरसे से एमसीजी में हर साल बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जा रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट वो मैच है, जो 26 दिसंबर यानी क्रिसमस के अगले दिन शुरू होता है। वहीं इससे पहले गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ हुआ था।मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय टीम के रिकॉर्ड की बात करें तो, भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में 9 बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेले हैं। दोनों टीमों के बीच ऑस्ट्रेलिया में पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट 1985 में खेला गया था, जो ड्रॉ रहा। तब भारत की कमान कपिल देव के पास थी और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एलन बॉर्डर थे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने लगातार भारत से पांच बॉक्सिंग डे टेस्ट जीते। वहीं, 2014 में एमएस धोनी की अगुवाई में एमसीजी में खेला गया मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। भारत को यहां बॉक्सिंग डे टेस्ट में 33 सालों तक जीत की खुशी नसीब नहीं हुई। 33 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत ने फिर डबल मचाया। भारत ने एमसीजी में अपने पिछले दो मैचों में विजयी परचम फहराया है। ऐसे में टीम इंडिया इस बार जब यहां उतरेगी तो हौसले बुलंद होंगे। भारत ने 2018 में विराट कोहली के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया को बॉक्सिंग डे टेस्ट में 137 रनों हराया था। भारत ने 2020 में एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से रौंदा। तब भारत की बागडोर अजिंक्य रहाणे संभाल रहे थे। कोहली 2020 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक टेस्ट खेलने के बाद पैरेंटल लीव पर भारत लौट आए थे। उसके बाद बाकी तीन मैचों में रहाणे ने कप्तानी की थी।

## मेलबर्न टेस्ट में बुमराह रच सकते हैं इतिहास

मेलबर्न, 19 दिसंबर। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के तहत तीन मैच खेला जा चुके हैं। जिसमें से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट दोनों टीमों के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में बुमराह के पास अनोखा रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे।

बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह मेलबर्न में इस आंकड़े को छू लेते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ जाएंगे। वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बनेंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये मुकाम हासिल किया था। बुमराह ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इशांत शर्मा को पछाड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे।

## एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पर भड़के कोहली

मेलबर्न, 19 दिसंबर। विराट कोहली टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वहीं गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। वहीं जब विराट कोहली टीम इंडिया के साथ चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्होंने अपना आपा खो दिया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया मीडिया के अनुसार जब टीम इंडिया मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंची तो कुछ रिपोर्टर्स और कैमरामैन कोहली के परिवार की तस्वीरें खींच रहे थे। कई बार मना करने के बावजूद वह नहीं माने। विराट कोहली शुरुआत से ही साफ कर चुके हैं कि वह अपने बच्चों को लाइम लाइट में नहीं रखना चाहते। वह जब भारत में होते हैं तो मीडिया से पहले ही इसकी रिक्वेस्ट करते हैं और इंडिया की मीडिया खिलाड़ी की इस रिक्वेस्ट का सम्मान भी करती है। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के साथ ऐसा नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार, रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड से बात कर रहे थे, जो मेलबर्न में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह खेल सकते हैं। जब कोहली और उनके परिवार के सदस्य पास में ही देखे गए। भारतीय बल्लेबाज के भड़कने से पहले कैमरे कोहली की तस्वीर लेने के लिए मुड़े। कोहली पबलिक प्लेस पर अपने परिवार के वीडियो को फिल्माए जाने पर आपत्ति जताते दिखे।कोहली ने चैनल नाइन के रिपोर्टर को मीडिया के अन्य सदस्यों के सामने तीखी बहस में डांटा। तनावपूर्ण बातचीत के बाद कोहली वहां से चले गए और फिर वापस मुड़कर कुछ और बातें कीं।

### अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता

## वेटरन महिला डबल्स में राजस्थान की विभा गुप्ता व गीता शर्मा की जोड़ी में कांस्य पदक जीता

जयपुर, 19 दिसंबर। राजस्थान टीम के कप्तान नवीन महाजन और जगदीश तंवर की डबल्स की जोड़ी ने लगातार दो मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने मोहिंदर सिंह संधू और धर्मेंद्र शर्मा को 7- 0 से हराया। मिक्स डबल्स के मुकाबले में राजस्थान के हरेंद्र शर्मा और रितु रानी की जोड़ी ने कैलाश प्रजापत और सुमन कुमारी को 7- 3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेटरन मिक्स डबल्स में राजेश दहिया और मधु मान की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। वूमेन डबल्स में मीता अरोड़ा और मधु मान की जोड़ी ने अनुपमा पम्मी को 8 - 2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वेटरन वूमन सिंगल्स में हीरल कुमारी ने लता नायर को 8- 0 से हराकर स्वर्ण जीता।

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश एव न्यायिक मजि. सांभर लेंक**
**आमजनता चैनपुरा, जरिये प्रधान, हीरालाल, रामेश्वर वगे. बनाम जिला कलेकटर महोदय आदि**
**वाद बाबत स्थयी निषेधाज्ञा**
**आम सूचना**

बनाम-
ग्राम चैनपुरा के राजस्व रेकार्ड मे पानी का तालाब खसरा नबर 51, 53 मे बना हुआ है जो चुलियवास बांध के नाम से जाना जाता है जिसका रख रखाव संबधित पंचायत चैनपुरा के पास है उक्त तालाब ग्रामवासियो के पीने के पानी एंव पशुओ मवेशीयो के पानी पीने के उपयोग में आता है। जो चेनपुरा की समस्त जनता का एक मात्र जल स्त्रोत है। उक्त तालाब के संबंध मे वादीगण प्रधान पुत्र छीतर, हीरालाल पुत्र बालू, रामेश्वर पुत्र घीसा, जयराम पुत्र भैरू, काना पुत्र भीवा जाट नि. चैनपुरा उर्फ चुलियावास ने बहेसियत स्वंय व प्रतिनिधि आम जनता ग्राम चैनपुरा की हेसियत से उक्त तालाब के संबंध मे वाद पेशकर उक्त तालाब से पानी की निकासी न करने हेतू प्रार्थना चाही है।
अतः हर खास आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रकरण में हित रखनें वाले व्यक्ति प्रकरण में पक्षकार बनना चाहे तो दिनांक. 20/12/2024 को न्यायालय में पक्षकार बनने का आवेदन कर अपना पक्ष रख सकतें है।
आज दिनांक..19/12/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय कि मुद्रा से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
सिविल न्यायाधीश एव न्यायिक मजिस्ट्रेट
साँभर लेक, जयपुर जिला

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 43/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमति दीपा यादव पत्नी राजकुमार यादव पुत्री स्व.श्री छोटे लाल यादव
विवाद स्थान म.संख्या 10 वैष्णो विहार, शिकारपुरा, सांगानेर
मृतक नाम तुलसी यादव पुत्री स्व. छोटे लाल जाति यादव की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- .......
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम तुलसी यादव पुत्री स्व.छोटेलाल जाति यादव निवासी प्लाट नं.10 वैष्णो विहार, शिकारपुरा, सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 9 माह 1 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 07 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से-शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या-10 जयपुर महानगर-प्रथम न्यायालय सांगानेर

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 102/2024
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्रीमती ममता जैन पत्नी श्री मनीष निवासी 53, प्रधान मार्ग, जैम एनक्लेव, मालवीय नगर, जयपुर 302017 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत अरिहन वेलनेस फाउण्डेशन कार्यालय पता 53, प्रधान मार्ग, जैम एनक्लेव, मालवीय नगर, जयपुर 302017 ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 6.12.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 11.2.25

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 18 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर।
अब्दुल अजीज विरुद्ध कालूराम वगै.
1. भंवर लाल सैनी पुत्र आनंदीलाल सैनी निवासी बावड़ी का बास कुंजड़ो की ढाणी तेजाजी का बड़ा सांगानेर जयपुर राजस्थान।
2. बदनपुरा (फकीरों की डूंगरी) गृह निर्माण सहकारी समिति लि० जयपुर रजिस्ट्री नंबर 2830/एल कार्यालय-6 डी विला स्टेशन रोड जयपुर।
**वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा**
**वाद संख्या 2095 सन्.2020**
वादी ने आपके विरुद्ध उक्त के लिए ने वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 20 माह 12 सन् 2024 को दिन में प्रातः 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता० .माह 16.12.2024 सन् को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

रीडर अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 18, सांगानेर जयपुर

## खोया पाया

मे उमेश भारद्वाज पुत्र श्री भगवान भारद्वाज मेरे स्वामित्व का प्लॉट नंबर-6, विनायक विहार, सिरसी रोट, बिंदायका, जो कि सूरजपोल ग्रह निर्माण समिति द्वारा आवंटित था के मूल कागजात (पट्टा,रसीद साइड, प्लान) की फाइल घर से वैशाली आते समय कहीं खो गए हैं मिलने पर सूचित करें। 9650741611

मेरे प्लाट नम्बर ई-51 मंगलम एयरपोर्ट सिटी शिवदासपुरा का ओरिजनल पट्टा एवम् पूरे कागजात खो गए मिलने पर सूचित करें मनराज मीणा 7878646331

जयपुर के प्रताप नगर चिनाव अपार्टमेंट में मकान संख्या A/5/02 के दस्तावेज खो गये है। जिस किसी भी सज्जन को मिले वो 7 दिवस में मेरे मोबाईल न. 9414552701 पर सूचित करें

बाबा आर.एन. गौड़ सहकारी समिति की योजना रिदु नगर विस्तार, निवारू लिंक रोड़ का राज कँवर द्वारा क्रयशुदा प्लॉट नं. 55 का मूल पट्टा जो कि आशीष भारतीय पुत्र शम्भूनाथ भारतीय के नाम रजिस्टर्ड था कि दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट की मूल प्रति कहीं गुम हो गयी है।कृप्या मिलने पर सूचित करें: 9643921000

## नाम परिवर्तन

I have changed my name Adnan Faisal Khan from Adnan Faisal S/o Mohammed Saeed. In future I will be known my new name Adnam Faisal Khan S/o Mohammed Saeed Khan R/o H.No. 1790-1791, Kanwatiyon Ki Pipli, Johari Bazar, Jaipur

मैंने अपना नाम प्रदीप कुमार (PARDIP KUMAR) से बदलकर प्रदीप कुमार खण्डेलवाल (PARDEEP KUMAR KHANDELWAL) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम प्रदीप कुमार खण्डेलवाल (PARDEEP KUMAR KHANDELWAL) पुत्र स्व. श्री नत्थी लाल खण्डेलवाल के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासीः 27, घनश्याम कॉलोनी,बास बदनपुर,गंगापोल गेट, जयपुर।

मै आर्मी नं- 15690579W L/HAV. दिलीप कुमार, यूनिट-SWCSR Apo-56 ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पुत्र का नाम ज़िग्गा आदी से बदलकर एंजल दिलीप कर दिया है।

मै आर्मी नं- 15714423X रैंक-L/NK दिनेश कुमार निवासी- गांव- पावटा, जिला- फरीदाबाद, हरियाणा ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पिताजी का नाम खचेडू सिंह से बदलकर खचेरू सिंह व जन्मतिथि 12-05-1964 से 01-01-1964 कर लिया है।

मैं 2693732 K,HAV, प्रमोद कुमार पताः Unit-6 MAH BN NCC मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम Sabitri Devi दर्ज है, जो की गलत है सही नाम Savitri Devi है सही नाम दर्ज करें।

मैं 2693732 K,HAV, प्रमोद कुमार पताः Unit-6 MAH BN NCC मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Vishal Ahalawat दर्ज है, जो की गलत है सही नाम Vishal Ahlawat है सही नाम दर्ज करें।

मैं पूजा रानी पत्नी संजय सिंह चौहान पता-68-A, प्रथम भगवती नगर, जयपुर के पुत्र हर्षराज सिंह चौहान के समस्त दस्तावेजों में सहवन से हर्षराज में हर्ष व राज के मध्य स्पेस हो गया। वास्तविक नाम हर्षराज सिंह चौहान है। भविष्य में हर्षराज सिंह चौहान के नाम से जाना जावे।

मैं पूजा रानी पत्नी संजय सिंह चौहान पता-68-A, प्रथम भगवती नगर, जयपुर के समस्त शैक्षिणक एवं पहचान दस्तावेजात में नाम पूजा रानी है सहवन से पुत्र हर्षराज सिंह चौहान के समस्त दस्तावेजात में पूजा सिंह चौहान अंकित हो गया है। मुझे भविष्य में पूजा रानी के नाम से जाना जावे।

**आम सूचना** **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/जोन-11/उपा./2024/डी-4181 दिनांक 12.12.2024
निम्न आवेदक द्वारा सम्पत्ति के पट्टे/नाम हस्तान्तरण/अन्य कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी योजना/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रिया वर्मा पुत्री श्री राम कुमार वर्मा | जय प्रकाश पुत्र श्री हजारीलाल | 79 | 111.11 व.ग. | निजी खातेदारी | श्री कृष्णा विहार प्रथम | फ्री होल्ड हेतु | विक्रय पत्र के आधार पर एक से अधिक बार बेचान किये जाने पर |

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो,तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें। उपायुक्त, जोन-11

**आम सूचना** हस्व हिदायत मेरे मुवक्किल गोपाल चौधरी स्व.रिछपाल चौधरी जाति जाट निवासी ए-23 विवेकानन्द कालोनी नया खेड़ा अम्बाबाडी जयपुर ने प्लाट नं. 19 निलगिरी स्कीम, सीकर रोड़ (अनाजमंडी के पास) पर शिल्पाचार्य गृह निर्माण सहकारी समिति लि.से क्रय किया था। उसके मूल दास्तावेज मेरे कब्जे से गुम हो गये है। इसलिए मैं उपरोक्त गृह निर्माण सहकारी समिति से डुप्लीकेट दस्तावेज प्राप्त कर रहा हु। अगर किसी आम या खास को आपति हो तो समिति के व्यवस्थापक श्री कैलाश जी प्लाट न. 78 कालवाड रोड, झोटवाड़ा में दर्ज करवावें। भविष्य में मुझे मूल दस्तावेज मिल जायेगा तो उनका दुरुपयोग नही कर समिति कार्यालय में जमा करवा दुगां।
राजेन्द्रसिंह महला, एडवोकेट, 0141-2334646

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**सड़क यातायात डायवर्जन सूचना**
संख्या W/65/DO-GGC/I दिनांक 18-12-2024
आरओबी 9A किमी 10/8-9 दौसा-गंगापुर सेक्शन में खराब बियरिंगों को बदलने के कारण 5 घंटे रोड़ यातायात को आरयूबी 3B किमी 5/0-1 की तरफ डायवर्जन हेतु दिनांक 20.12.2024 समय 11.00 से 16.00 बजे तक। क्रम संख्या 1. कार्य का नाम एवं स्थान : दौसा-गंगापुर सेक्शन में आरओबी 9A किमी 10/8-9 के खराब बियरिंगों को बदलने के लिए सड़क यातायात को 20.12.2024 को समय 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोड़ ट्रेफिक बंद रहेगा एवं इस दौरान रोड़ ट्रेफिक को आरयूबी 3B किमी 5/0-1 से डायवर्ट किया जा रहा है।
1466-DK/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा (जिला) जयपुर**
क्रमाक/न.पा.फू./2024-25/2236 **आपत्ति सूचना** दिनांक 06.12.24
एतद्वारा हतिद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता हैकि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा नामान्तरण/फोति नामान्तरण नामान्तरण/उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. प्रार्थी का नाम | स्थान | मूल पट्टा धारक | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1.श्रीमति विमला देवी कुमावत पत्नि श्री विनोद कुमार कुमावत | प्लाट नं. 24-ए वाके वैशाली नगर फेज-1 फुलेरा | श्रीमति हेमा देवी पत्नि श्री नारायण लाल | 100.00 | नामान्तरण/उपविभाजन |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपति हो तो आमत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपति कार्यदिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर**
**विचाराधीन अपील संख्या 22/2017 की सूची**

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | जाति | पता | तारीख पेशी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजन्ती बेवा | हरदेवा | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 2 | राधेश्याम पुत्र | नारायण | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 3 | रामजीलाल पुत्र | नारायण | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 4 | चिमना पुत्र | नारायण | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 5 | नथिया बेवा | परसादी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 6 | राजू पुत्र | परसादी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 7 | कैलाशी पुत्री | मंगल पत्नि नामालुम | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 8 | हीरा लाल उर्फ हरिलाल | रामोल्या | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 9 | चन्द्रकलॉ पुत्री | रामोल्या पत्नि सुगन्या | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 10 | बबली पुत्री | किशोरी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 11 | रूमाली पुत्री | किशोरी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 12 | कमलो पुत्री | किशोरी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 13 | माया पुत्री | किशोरी पत्नी नामालुम | बैरवा | ग्राम दलापुरा तहसील व जिला करौली | 23.12.2024 |
| 14 | रूमली पुत्री | किशोरी पत्नि छुन्न | बैरवा | ग्राम दलापुरा तहसील व जिला करौली | 23.12.2024 |
| 15 | सम्पो बेवा | भजन | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 16 | कल्लो बेवा | बरवाडा | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 17 | रामजी लाल पुत्र | बाबू | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 18 | दिनेश पुत्र | बाबू | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 19 | रवि पुत्र | छाजू | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 20 | लाली पुत्री | छाजू पत्नि नवल | बैरवा | गंगापुरसिटी जिला गंगापुरसिटी | 23.12.2024 |
| 21 | मिननी पुत्री | छाजू | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 22 | बिरजो पुत्री | छाजू | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 23 | मोजी लाल | दोजी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 24 | दीपराम पुत्र | दोजी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 25 | श्री मन पुत्र | दोजी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 26 | लाली पुत्री | दोजी | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 27 | मुकेश पुत्र | स्व.ग्यारसीलाल | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 28 | धनराज पुत्र | स्व.ग्यारसीलाल | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 29 | संजीव पुत्र | स्व.ग्यारसीलाल | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 30 | प्रदीप पुत्र | स्व.ग्यारसीलाल | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 31 | शिवचरण पुत्र | स्व.फाबूल्या | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |
| 32 | रामराज पुत्र | स्व.फाबूल्या | बैरवा | ग्राम थूमा तहसील सपोटरा जिला करौली | 23.12.2024 |

राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

SHOW TIMINGS : 20th - 22nd of December (Fri / Sat / Sunday) Business Hours: 10:00AM - 7:00PM
23rd of December (Monday) Business Hours: 10:00AM - 6:30PM (Entry to the Exhibition will close 30 min prior to the closing time)
SHUTTLE SERVICE at 9.00AM from: Veda Panigrah Marriage Garden Bhawani Singh Road, Jaipur (Valet service available)